कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा(अम्बिकापुर)(छ0ग0)

:: तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी भर्ती–2022::

–:: सूचना–पत्र ::–

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा, (छ0ग0) के विज्ञापन क्रमांक 1286/दो–11–1/2022 दिनांक 22.09.2022 के संदर्भ में शुद्धि पत्र क्रमांक 103/दो–11–1/2022 दिनांक 23.01.2023 के द्वारा जिला स्थापना, सरगुजा अंतर्गत सीधी भर्ती के विज्ञापित पदों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के प्राथमिक रूप से जांच उपरांत अनंतिम रूप से पात्र–अपात्र सूची प्रकाशित किया जा रहा है तथा "उम्मीदवारी के संबंध में दावा–आपत्ति **माननीय जिला न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची जिला न्यायालय के वेबसाईट में अपलोड़ किये जाने की तिथि** 21-04-2023 **से पन्द्रह दिवस तक स्वीकार किये जायेगें,** निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त दावा–आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अभ्यार्थी/आवेदक अपने आवेदित पदों हेतु दावा–आपत्ति कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अम्बिकापुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा जिला न्यायालय सरगुजा के E-mail ID- surguja[dot]court[at]nic[dot]in (surguja.court@nic.in) में अपने आवेदित पत्र के सरल क्रमांक, पंजीयन क्रमांक, पद का नाम, आवेदक का नाम पिता/पति के नाम सहित हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र, दावा–आपत्ति के प्रमाण सहित पी.डी.एफ. फार्मेट में प्रस्तुत कर सकेंगे एवं किसी अन्य माध्यम से प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

अभ्यर्थियों से प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण उपरांत उम्मीदवारों की पात्रता सूची का प्रकाशन, अनुक्रमांक, परीक्षा तिथि व समय तथा परीक्षा केन्द्र की जानकारी सहित यथा समय जारी किया जावेगा। उम्मीदवार की पात्रता परीक्षा के किसी भी स्तर पर जांच किये जाने पर अपात्र पाये जाने की स्थिति में निरस्त की जा सकेगी जिसके संबंध में अतिम निर्णय लेने का अधिकार, चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

योग्य पाए गये उम्मीदवारों को आयोजित होने वाले परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र जिला न्यायालय के वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/surguja में अपलोड कर जारी किया जावेगा, जिसे उम्मीदवार डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

अध्यक्ष
20/04/2023
चयन समिति
जिला एवं सत्र न्यायालय
सरगुजा(अम्बिकापुर) छ0ग0

20/04/2023
District & Sessions Judge
Surguja (Ambikapur) C.G